प्रेस विज्ञप्ति **16-10-2020**

श्री राजीव श्रीवास्तव, आईटीआई लिमिटेड के निदेशक-वित्त के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

बेंगलूरु : संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग के आदेशानुसार, श्री राजीव श्रीवास्तव ने 15 अक्तूबर, **2020** से कंपनी के निदेशक-वित्त का कार्यभार ग्रहण किया।

श्री राजीव श्रीवास्तव 17 दिसंबर, 2018 को आईटीआई लिमिटेड में महाप्रबंधक-वित्त के रूप में शामिल हुए। भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के सदस्य एक योग्य वित्त पेशेवर, श्री श्रीवास्तव को 29 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

आईटीआई लिमिटेड में शामिल होने से पहले, उन्होंने दिसंबर 1990 से दिसंबर 2018 तक भारत सरकार के साथ निदेशक(लेखा)/वरिष्ठ लेखा अधिकारी के रूप में काम किया है।

श्री श्रीवास्तव ने दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक और स्नातकोत्तर, डीएवी लॉ कॉलेज से एलएलबी, इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) से सीडब्ल्यूए और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) से सीएस प्राप्त की है।